कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में प्राणीशास्त्र में सेमीनार आयोजित

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विभाग के द्वारा दो दिवसीय विशेष व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विषय–विशेषज्ञों के व्यख्यान की श्रृंख्ला आयोजित की जाती है जो स्नातकोत्तर कक्षाओं के पाठ्यक्रम पर आधारित होती है। विभागाध्यक्ष डॉ. लता मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग की डॉ. अलका मिश्रा ने ''कार्बोहाइड्रेट मेटाबॉलिज्म'' विषय पर व्याख्यान देते हुये बताया कि जीवित जीवों में चयापचय के गठन और टूटने की प्रक्रिया सामान्य होती है। उन्होनें कार्बोहाइड्रेट के जैविक रसायनिक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विषय–विशेषज्ञ डॉ. संजू सिन्हा ने भी विभिन्न रोगों के फैलाव से बचाव के उपाय पर जानकारी दी।

इस अवसर पर महविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को विशेष व्याख्यान के महत्व से लाभ उठाने का आव्हान किया।

व्याख्यानमाला का संचालन कु. प्रीति सिन्हा ने किया तथा आभार प्रदर्शन नम्रता चन्द्राकर ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)